प्रेस विज्ञप्ति

गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय

पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

जैनुल की दुधारू भैस रहीं सर्वोत्तम पशु

पन्तनगर। 9 मार्च 2025। विश्वविद्यालय में चल रहे चार–दिवसीय किसान मेले के तीसरे दिन आज पशुचिकित्सा एवं पशुपालन विज्ञान महाविद्यालय के प्रांगण में पशु–प्रदर्शनी का आयोजन किया गया, जिसमें पशुपालकों ने अपने पशुओं का प्रदर्शन किया। इस पशु–प्रदर्शनी में श्री जैनुल पुत्र डा. सलीम, किच्छा, की दुधारू भैस को सर्वोत्तम पशु घोषित किया गया जिसे विश्वविद्यालय के कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान ने रिबन बांधकर सुशोभित किया। इस पशु प्रदर्शनी में कुल 84 पशु सम्मिलित हुए।

इस प्रदर्शनी में दुधारू भैस वर्ग में श्री जैनुल का भैस; गाभिन भैस वर्ग में भूरा की भैस; कटरा वर्ग में मो. इस्माइल का कटरा; देशी बछिया वर्ग में श्री भुपेन्द्र भारती की बछिया; देशी दुधारू गाय वर्ग में श्री दीपक पाण्डे की गाय; संकर गाभिन गाय वर्ग में डा. सलीम की गाय; संकर दुधारू गाय वर्ग में श्री विजय की गाय एवं बकरी बच्चा वर्ग में कुमारी रूकसाना, बकरा वर्ग में श्री सुरेन्द्र कुमार तथा बकरी वर्ग में कृष के पशु प्रथम स्थान पर रहे। देशी बछिया वर्ग में श्री रफीक की बछिया; देशी दुधारू गाय वर्ग में श्री डी.एन. कुश्वाहा की गाय; संकर गाभिन गाय वर्ग में श्री तस्लीम एवं श्री निशान्त सिंह की गाय द्वितीय स्थान पर रहे।

इस पशु–प्रदर्शनी के संयोजक, अधिष्ठाता पशुचिकित्सा, डा. ए.एच. अहमद एवं सह संयोजक डा. एस.सी. त्रिपाठी, डा. जी.एल. सिंह, डा. आर.के. शर्मा, डा. राजीव रंजन एवं विद्यार्थियों में चिराग एवं ज्योति थे। निर्णायक मण्डल में डा. शिव प्रसाद मौर्य, डा. बी.एन. साही, डा. आर.एस. बरवाल एवं डा. अनिल कुमार थे। इस कार्यक्रम में डिप्लोमा फार्मेसी के विद्यार्थियों ने सहयोग दिया। इस अवसर पर कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान ने विद्यार्थियों को पशुओं की अच्छी नस्ल के बारे में सुझाव दिये। कार्यक्रम के अंत में पशुपालको को पशु स्वास्थ्य संबंधित किट एवं मिनरल मिक्चर निःशुल्क बांटे गये।

श्री जैनुल की दुधारू भैस को रिबन बांधकर सर्वोत्तम पशु के रूप में सुशोभित करते कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान।

निदेशक संचार